केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितीय तल, बी विंग, अगस्त क्रांति भवन
भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066.

संचिका सं. CICOM/R/2017/01187 दिनांक 27.09.2017

सेवा में,

श्री विद्याधर पाण्डेय,

विषय- आयोग में प्राप्त आपके आर.टी.आई. आवेदन के संबंध में सूचना ।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को संबोधित अपने दिनांक 07.08.2017 के आर.टी.आई. आवेदन जो कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा दिनांक 15.09.2017 को केन्द्रीय सूचना आयोग को अग्रसारित किया गया एवं केन्द्रीय सूचना आयोग में दिनांक 21.09.2017 को डायराइज हुआ (डायरी सं. 167024) तथा दिनांक 22.09.2017 को आर.टी.आई. प्रकोष्ठ में प्राप्त हुआ, के संदर्भ में उल्लेख किया जाता है कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के अग्रेषण पत्र में यह उल्लेख नहीं है कि किस किस बिंदु से संबंधित सूचना उक्त विभाग द्वारा दी गई है या किस किस बिंदु से संबंधित सूचना केन्द्रीय सूचना आयोग द्वारा दिया जाना है । फिर भी आयोग से संबंधित प्रतीत होने वाले बिंदु सं. 8 से 26 तक की सूचना निम्नानुसार है:-

| | |
|---|---|
| बिंदु सं.8, 9, एवं 13 से 20 तक | वांछित सूचना केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं अनुभाग अधिकारी (एम. एंड आर.) द्वारा प्रदान की जाएगी जिन्हें आपका आवेदन आर.टी.आई. – एम.आई.एस. द्वारा दिनांक 27.09.2017 को ऑनलाइन अग्रसारित कर दिया गया है । |
| बिंदु सं. 10, 11 एवं 12 | केन्द्रीय सूचना आयोग में प्रति वर्ष लगभग तीन हजार आर.टी.आई. आवेदन प्राप्त होते हैं इस स्थिति में कितने आर.टी.आई. आवेदनों का प्रतिउत्तर निर्धारित अवधि में नहीं दिया गया एवं आर.टी.आई. आवेदनों के विरुद्ध कब प्रथम अपील दाखिल की गई तथा प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा कब आदेश जारी किया गया, इसके लिए सभी आवेदनों की जांच में काफी वक्त एवं कार्मिक की आवश्यकता होगी एवं कार्यालय के अन्य कार्य भी प्रभावित होंगे, क्योंकि आपके द्वारा चाही गई प्रारूप में सूचना एकत्रित नहीं है । |
| बिंदु सं. 21 से 26 तक | वांछित सूचना केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं अनुभाग अधिकारी (प्रशासन) द्वारा प्रदान की जाएगी जिन्हें आपका आवेदन आर.टी.आई. – एम.आई.एस. द्वारा दिनांक 27.09.2017 को ऑनलाइन अग्रसारित कर दिया गया है । |

---2/-

यदि आप उपरोक्त सूचना से संतुष्ट नहीं है तो इस सूचना की प्राप्ति के 30 दिनों के अंदर प्रथम अपील श्री आर. के. सिंह, अपर सचिव एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी, केन्द्रीय सूचना आयोग, अगस्त कांति भवन, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली- 110066, दूरभाष सं. 011-26162290 पर की जा सकती है ।

(ए. के. शर्मा)
केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी,
आर.टी.आई.सेल

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री जीवन चन्द्र, अनुभाग अधिकारी (एम. एंड आर.) | बिंदु सं.8, 9, एवं 13 से 20 तक | उक्त आवेदन दिनांक 27.09.2016 को आर.टी.आई.-एम.आई.एस. के द्वारा ऑलाइन अग्रसारित किया जा चुका है । कृपया वांछित सूचना निर्धारित अवधि के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, यदि वांछित सूचना आपसे संबंधित नहीं है तो कृपया संबंधित अधिकारी को अग्रसारित करें । |
| 2 | श्रीमती सविता तलुजा, अनुभाग अधिका (प्रशासन) | बिंदु सं. 21 से 26 तक | |